दिनांक: 25.03.2024

समय : 02.10PM

प्रादेशिक समाचार

उज्जैन मंदिर आग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना के बारे में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से बात की है। उन्होंने घटना के बारे में जानकारी ली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन घटना में घायल लोगों को हर प्रकार की सहायता और उपचार उपलब्ध करा रहा है। गौरतलब है कि उज्जैन में आज सुबह महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान आग लग गई थी। हमारे संवाददाता ने कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के हवाले से बताया है कि आरती के दीए में गुलाल लगने के कारण आगजनी की दुर्घटना हुई। आगजनी में घायल हुए 14 लोगों को त्वरित रूप से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों का बेहतर रूप से उपचार किया जा रहा हैं। घायलों में से आठ लोगों को इंदौर के अरविंदो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घायलों का हालचाल जाना। सभी की स्थिति सामान्य हैं। जिला कलेक्टर ने आग लगने की दुर्घटना की जांच करने के आदेश दिये हैं।

होलिका पर्व

होली का पर्व प्रदेश में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। रंगो के इस पर्व पर कल रात जगह-जगह होलिका दहन किया गया। इसके बाद से ही होलियारे एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाए दे रहे हैं। आज कई जगह चल समारोह भी निकाले जा रहे हैं। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में कल शाम आरती के बाद होलिका दहन किया गया। भोपाल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शहर में पारंपरिक हर्षोउल्लास के साथ रंग खेले जा रहे हैं।

आगरमालवा जिले में भी उमंग और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया जा रहा है। जिले में रंग खेलने को लेकर बच्चों में उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही बच्चे रंग-बिरंगी पिचकारियों को लेकर होली खेल रहे है। सतना और मैहर जिले में होलिका दहन के बाद रंगोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। छिंदवाड़ा, इंदौर, धार, पन्ना, डिंडोरी, जबलपुर, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, रीवा, नर्मदापुरम, खरगोन, खंडवा, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, बैतूल, सहित प्रदेश के सभी अंचलों में होली का उल्लास देखा जा रहा है।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बड़ाने के लिए बड़े पैमाने पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शिवपुरी जिले के करैरा जनपद

सीईओ ब्रहमेद्र गुप्ता ने कल दुकानदारों और गुमटी वालों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने मतदान का महत्व बताते हुए 7 मई को मतदान करने का आग्रह किया। छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत कल स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। खजरी स्थित ज्ञान ज्योति विद्‌यालय के स्वयं सेवकों ने घर घर दस्तक देकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की।

संक्षिप्त समाचार

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत आगरमालवा में डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए कचरा वाहन समय पर न आने की स्थिति में कंट्रोल रूम नंबर 07362297619 पर शिकायत कर सकते हैं।

- धार भोजशाला में आज छुट्‌टी के दिन भी लगातार चौथे दिन सर्वे का काम हो रहा है।

- सतना जिले में पात्र लोगों को मेडिकेटेड मच्छरदानीयां वितरित करने का काम लगातार जारी है। मलेरिया विभाग के अनुसार 6 फरवरी से शुरू किए गए इस अभियान में अब तक एक लाख़ 25000 से अधिक लोगों को मच्छरदानी दी जा चुकी हैं।

- छिंदवाड़ा में आज श्री सुगम मानस मंडल के तत्वावधान में 69वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

- रायसेन जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 दिन में 29 प्रकरणों में 175 लीटर शराब और 3920 किलो लाहन जब्त किया है।